**Regarding condition of washrooms in Railway Coaches-Laid**

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारडोली) **:** मैं रेल मंत्रालय और माननीय रेल मंत्री जी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करना चाहता हूँ । वंदे भारत ट्रेनों का संचालन और रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए उठाए गए कदम देश के विकास को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं । विशेष रूप से गुजरात के सूरत को बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत एक प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल करना अत्यंत सराहनीय है । यह सुविधा सूरत जैसे औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र में आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगी और यात्रियों को तेज़ और आधुनिक परिवहन का विकल्प प्रदान करेगी । इसके साथ, मैं रेलवे डिब्बों में वॉशरूम सुविधाओं की स्थिति पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । वर्तमान में, प्रत्येक डिब्बे में चार वॉशरूम हैं, जिनमें तीन भारतीय शैली के और एक वेस्टर्न शैली का होता है । बढ़ती मांग को देखते हुए, मेरा सुझाव है कि तीन भारतीय शैली के वॉशरूम में से दो को वेस्टर्न शैली में बदला जाए, ताकि प्रत्येक डिब्बे में तीन वेस्टर्न और एक भारतीय शैली का वॉशरूम उपलब्ध हो । यह बदलाव यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की सुविधा को बढ़ाएगा । मैं माननीय मंत्री जी से इस पर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध करता हूँ ।